# दिनांक 15 मई, 2023 को अपराहन् 2:30 बजे निदेशालय सीका में सम्पन्न बैठक का कार्यवाही विवरण

आज दिनांक 15 मई 2023 को निदेशालय सीका में निदेशक, सीका की अध्यक्षता में आन्तरिक समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्न सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया;

| | |
|---|---|
| 1- प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डें | अध्यक्ष |
| 2- डॉ मदन मोहन जोशी | सदस्य |
| 3- डॉ आशुतोष भट्ट | सदस्य |
| 4- डॉ गगन सिंह | सदस्य |
| 5- डॉ सुमित प्रसाद | सदस्य |
| 6- श्रीमती प्रियंका लोहनी | सदस्य |
| 7- श्री अनुराग भट्ट | सदस्य |

बैठक में सर्वप्रथम निदेशक, सीका द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और नये अकादमिक सत्र के आरम्भ के साथ ही नई कार्य योजना पर कार्य किये जाने का निर्णय लिया गया। निदेशक ने आगामी महिनों में सीका द्वारा निम्नांकित बिन्दुओं पर विचार करने और रणनीति बनाने का आग्रह किया;

- वैयक्तिक प्रोन्नति हेतु विभिन्न आवेदन प्रारूपों को सरल रूप में विकसित किया जाय।
- AQAR और AR तैयार किया जाय।
- गुणवत्ता सुधार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायें।
- अकादमिक संम्परीक्षा (Academic Audit) करायी जाये।

उपरोक्त बिन्दुओं पर विचार-विमर्श कर निम्नलिखित निर्णय लिये गये;

1- सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि अप्राईजल एवं प्रोन्नति हेतु आवेदन प्रारूपों को स्पष्टता दिये जाने और सरलीकृत किये जाने की आवश्यकता है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर स्टेज/लेवल के लिये नया प्रारूप विकसित किया जाय। इस कार्य के सम्पादन के लिये निम्न सदस्यों को नामित किया गया;

   1- डॉ गगन सिंह
   2- डॉ आशुतोष भट्ट
   3- श्री अनुराग भट्ट

20/5/23 20/05/2023 20/05/23 20/05/2023 20/5/23

125

2- डॉ सुमित प्रसाद ,द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2022-23 के लिये AQAR तैयार कर यथासमय NAAC और विश्वविद्यालय पोर्टल में अपलोड किया जाना और सीका का वार्षिक प्रतिवेदन भी यथाशीघ्र तैयार किया जाना आवश्यक है।

उक्त कार्य को यथासमय पूर्ण किये जाने के लिए निम्न सदस्यों को उत्तरदायित्व दिया गया।

AQAR हेतु – डॉ सुमित प्रसाद , डॉ शालिनी सिंह, एव श्रीमती प्रियंका लोहनी।

AR हेतु - डॉ मदन मोहन जोशी , डॉ शालिनी सिंह एवं श्री विनीत पौडियाल।

उपरोक्त सभी सदस्य दोनों ही रिपोर्टों को तैयार करने में आपसी सहयोग और समन्वय करेंगे।

3- सदस्यों ने अकादमिक आडिट के लम्बित रहने पर भी विचार किया। गुणवत्ता सुधार हेतु प्राथमिकता के आधार पर तैयारियों शुरू करने का निर्णय लिया गया। अकादमिक आडिट हेतु विभिन्न मानकों को चिन्हित किये जाने और समिति के सभी सदस्यों को इससे अवगत कराये जाने का भी निर्णय लिया गया जिससे आडिट प्रक्रिया को सुचारू रूप से संम्पादित किया जा सके और हर विभाग अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सके।

4- विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली में गुणवत्ता लाये जाने हेतु ओ0डी0एल0 विनियम में उल्लिखित प्रावधानों के आलोक में विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुभागों एवं शिक्षकों के लिये समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यशालायें आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया। इस हेतु विस्तृत प्रस्ताव बनाकर कुलपति जी को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

5- भविष्य में होने वाले नैक मूल्यांकन (द्वितीय चरण) हेतु अधिकाधिक बिन्दुओं पर अंक अर्जित किये जाने का सुझाव दिया गया। डॉ गगन सिंह ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली कार्यशालाओं/ संगोष्ठियों को सीका के साथ मिल कर आयोजित किया जाना लाभकारी होगा।

6- सत्रीय कार्य के सम्पादन और मूल्यांकन से सम्बन्धित नीति के सम्बन्ध में निदेशक अकादमिक से वार्ता कर सम्बन्धित अभिलेख को सीका में संरक्षित कर लिया जाय। यह भी सुझाव आया कि पाठ्यक्रमों में Major,Minor,Value added, Vocational या Electives में कोई Overlapping न हो, इसको निदेशक अकादमिक के माध्यम से सुनिश्चित करवा लिया जाये।

7- सीका कार्यालय में आधारभूत सुविधा का नितान्त अभाव है जैसे कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर आदि। इस वस्तु स्थिति से कुलसचिव को अवगत करवा दिया जाय। ताकि सीका के कार्यों में किसी तरह की कठिनाई उत्पन्न न हो।

अन्त में अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों को धन्यवाद ज्ञपित कर बैठक समाप्त हुई।

20/05/2023 20/05/2023 20/05/2023 20/5/23 20/05/23 20/5/2023

**दिनांक 15/05/2023 को अपराह्न 2:30 बजे निदेशालय सीका में आहूत बैठक में उपस्थित सदस्यों को विवरण**

| क्रम सं0 | नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डें | अध्यक्ष | 15/5/2023 |
| 2 | डॉ मदन मोहन जोशी | सदस्य | 15/05/2023 |
| 3 | डॉ आशुतोष भट्ट | सदस्य | 15/05/23 |
| 4 | डॉ गगन सिंह | सदस्य | 15/5/2023 |
| 5 | डॉ सुमित प्रसाद | सदस्य | 15/5/2023 |
| 6 | डॉ शालिनी सिंह | सदस्य | |
| 7 | श्री विनीत पौडियाल | सदस्य | |
| 8 | श्रीमती प्रियंका लोहनी | सदस्य | 15.5.23 |
| 9 | श्री अनुराग भट्ट | सदस्य | ABhatt |